संक्षेप में

भारत को एपीआई उत्पादन बढ़ाने की जरूरतः यूनीकेम

दवा कंपनी यूनीकेम लैबोरेटरीज ने देश में आयात पर निर्भरता (खासतौर से चीन के आयात) कम करने के लिए, कच्चे माल का स्थानीय उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया है। दवा कंपनी ने 2019-20 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा कि मौजदा कोरोनावायरस महामारी ने यह बात साफ कर दी है कि देश में सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयवों (एपीआई) के लिए क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। यूनीकेम लैबोरेटरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रकाश मोदी ने कहा, हमारा देश अपने अधिकांश एपीआई के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। आने वाले वर्षों में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार को एपीआई के निर्माण को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ तथा आर्थिक रूप से मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत है। उन्होंने एपीआई के लिए अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने की बात भी कही। *भाषा*

रिलायंस बनेगी एक नई ऊर्जा कंपनी

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने खुद को एक नई ऊर्जा में तब्दील करने के लिए 15 साल की योजना बनाई है, जिसका मकसद कार्बन डाईऑक्साड को पुनर्चक्रित करना और प्लास्टिक कचरे का मूल्यवर्धन करना और स्वच्छ तथा वाजिब कीमत वाले ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देना है। बोफा सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक तेल से रसायन कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियां हाल के दिनों में उपभोक्ता कारोबार पर खास ध्यान दे रही हैं, लेकिन रिलायंस का तेल से रसायन (ओटूसी) कारोबार लगातार मुक्त नकदी प्रवाह पैदा करने में सफल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, जब तक मांग सामान्य नहीं हो जाती, आरआईएल कच्चे माल के प्रसंस्करण का प्रवाह अधिकतम करने की कोशिश कर रही है, पेट्रोरसायन एकीकरण का लाभ उठाते हुए लागत पर ध्यान दे रही है। *भाषा*

नए रक्षा मानक मददगार साबित होंगे

सरकार के ऐलान के बाद स्थानीय कंपनियों के लिए 52,000 करोड़ रुपये के अवसर मौजूद हैं

बीएस संवाददाता
मुंबई, 9 अगस्त

- सरकार को स्थानीय कंपनियों को कॉस्ट-प्लस आधार पर दीर्घावधि अनुबंध देने की जरूरत
- भारतीय उद्योग अब अपने पूंजीगत खर्च और उत्पादन की योजना बना सकता है
- जरूरत हुई तो इन कंपनियों को अमेरिका की तरह सीएजी ऑडिट के दायरे में लाया जा सकता है जिससे कि ये कंपनियां मुनाफाखोर न बन सकें

रक्षा क्षेत्र में दिसंबर से 101 उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित उपाय स्थानीय कंपनियों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं और इससे उन्हें स्थानीय निर्माण आधार खड़ा करने में मदद मिल सकती है।

रक्षा कंपनियों के मुख्य कार्याधिकारियों का कहना है कि यदि इस योजना पर सही तरीके से काम किया गया तो इससे भारत को इन रक्षा संबंधित उत्पादों का शुद्ध आयातक बनने के बजाय शुद्ध निर्यातक बनने में मदद मिलेगी। एक रक्षा कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी ने नाम नहीं बताने के अनुरोध के साथ कहा, 'यह मेक इन इंडिया विजन कोसाकार करने की दिशा में एक अच्छा कदम होगा। इस तरह से अमेरिका सैन्य हार्डवेयर के निर्माण में विश्व दिग्गज बना। यह ऐसा निजी क्षेत्र है जो अमेरिका में आधुनिक प्लेटफॉर्म और उपकरण की आपूर्ति करता है और पूरी दुनिया इनके उत्पादों को हासिल करना चाहती है।'

सरकार को स्थानीय कंपनियों को कोस्ट-प्लस आधार पर दीर्घावधि अनुबंध देने की जरूरत है और यदि जरूरत हुई तो इन कंपनियों को अमेरिका की तरह सीएजी ऑडिट के दायरे में लाया जा सकेगा, जिससे कि ये कंपनियां मुनाफाखोर न बन सकें। उन्होंने कहा, 'भारत कुछ भी तैयार कर सकता है और निजी क्षेत्र दीर्घावधि अनुबंधों का आश्वासन मिलने पर देश में उत्पादन के लिए वैश्विक बाजार से निवेश और भागीदार ला सकता है। भारत को ऐसे अनुबंधों के लिए भरोसेमंद कंपनियों का चयन करने की जरूरत होगी।'

लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) के अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने अब आत्मनिर्भर मिशन पर सक्रियता बढ़ानी शुरू की है। एलऐंडटी में पूर्णकालिक निदेशक और वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (रक्षा एवं स्मार्ट टेक्नोलॉजीज) जयंत पाटिल ने कहा, 'इस घोषणा ने भारतीय उद्योग को तैयारी के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा और दिशा प्रदान की है।'

अन्य मुख्य कार्याधिकारियों का कहना है कि घरेलू पूंजीगत खरीद के लिए 52,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने की घोषणा रक्षा खरीद योजनाओं पर दीर्घावधि संभावना मुहैया कराने की भारतीय कंपनियों के पुराने सुझावों को पूरा करती है। फिक्की डिफेंस कमेटी के अध्यक्ष और एयरोस्पेस ऐंड डिफेंस के समूह अध्यक्ष तथा महिंद्रा ग्रुप के कार्यकारी बोर्ड सदस्य एसपी शुक्ला ने कहा, 'भारतीय उद्योग अब अपने पूंजीगत खर्च और उत्पादन की योजना बना सकता है।'

एलऐंडटी के पाटिल का यह भी मानना है कि सरकार भविष्य में संभावित ऑर्डर की वैल्यू की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा, 'आज की घोषणा में सरकार ने अगले 6-7 वर्षों के दौरान भारतीय उद्योग के लिए 4 लाख करोड़ रुपये मूल्य के ऑर्डर जारी किए जाने की प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय रक्षा उद्योग के मौजूदा आकार को देखते हुए मुझे विश्वास है कि इसकी समीक्षा की जाएगी और इसे बढ़ाकर कुछ दिन पहले जारी रक्षा उत्पादन एवं निर्यात संवर्द्धन नीति में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप किया जाएगा।'

फिक्की की अध्यक्ष संगीता रेड्डी ने कहा कि नए नीतिगत उपाय भारत को रक्षा प्रौद्योगिकी और उत्पादों में 'आत्मनिर्भर' बनाने में मददगार साबित होंगे। रेड्डी ने कहा, 'उद्योग आयात प्रतिबंध की इस सूची में कई और उत्पाद शामिल किए जाने की संभावना देख रहा है जिससे कि भारतीय उद्योग की क्षमताओं का इस्तेमाल कर स्वदेशीकरण की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सके।'

देसी दवाओं की बिक्री ने जुलाई में किया निराश

सोहिनी दास
मुंबई, 9 अगस्त

देसी दवा बाजार ने जुलाई में महज 0.2 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि जून में इस बाजार में सुधार के संकेत नजर आए थे। थेरेपी के ज्यादातर क्षेत्रों की बिक्री की रफ्तार में गिरावट दर्ज हुई। कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाउन के बाद से बाजार की रफ्तार पर दबाव रहा है और दवाई के नए पर्चे कम रह गए। मई में भारतीय दवा बाजार में 9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई जबकि अप्रैल में इस बाजार में 11 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। जून में हालांकि कुछ सुधार नजर आया और बढ़त की रफ्चार 2.4 फीसदी के सकारात्मक दायरे में रही।

> जून में सुधार के संकेत के बाद जुलाई में बढ़त रही मामूली

मार्केट रिसर्च फर्म एआईओसीडी अवैक्स के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड संकट ने देसी बाजार की बढ़त की रफ्तार पर असर डाला है, हालांकि कुछ थेरेपी में जुलाई के दौरान सकारात्मक रफ्तार जारी रही।

क्रॉनिक थेरेपी की रफ्तार सकारात्मक बनी रही। उदाहरण के लिए हृदय रोग के इलाज वाले क्षेत्र में 13.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई जबकि मधुमेह रोधी क्षेत्र 5.9 फीसदी की रफ्तार से बढ़ा। श्वसन संबंधी रोग के इलाज वाली दवा के क्षेत्र की रफ्तार हालांकि घटकर -2 फीसदी रह गई। लॉकडाउन में ढील के बाद संक्रमणरोधी दवाओं की बिक्री जुलाई में 10.2 फीसदी घटी। संक्रमणरोधी (खास तौर से एंटीबायोटिक्स) दवाओं की बिक्री मॉनसून के दौरान सामान्यतः बढ़ती है क्योंकि जुकाम व बुखार आदि ज्यादा देखने को मिलती है।

विटामिन की बिक्री में सुधार आया और जुलाई में उसमें 5.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई क्योंकि ओटीसी इम्युनिटी बुस्टिंग दवाओं पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। कई कंपनियों ने या तो नई दवाएं पेश की या ऐसे ब्रांडों पर दोबारा ध्यान केंद्रित किया। उदाहरण के लिए डॉ. रेड्डीज लैब ने न्यूट्रास्युटिकल ब्रांड उतारा जबकि जुवेंटस हेल्थकेयर की जिंक सप्लिमेंट जिंकोनिया के प्रति बाजार में रुझान रहा।

जून की रफ्तार की आंशिक वजह पिछले साल का निचला आधार रही।

चौथी तिमाही में बाजार में उतरेगा केनरा बैंक

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक की योजना मौजूदा वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी के साथ पूंजी बाजार में उतरने की है। इसके अलावा वह दूसरी तिमाही में 1,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त टियर-1 पूंजी जुटाएगा और उतनी ही रकम वित्त वर्ष 21 की तीसरी तिमाही में भी जुटाएगा। बैंक अपने कारोबार में इजाफे और महामारी के कारण लगे झटके को सहने के लिए पूंजी जुटा रहा है। केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी एल वी प्रभाकर ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, फंडामेंटल के लिहाज से बैंक मजबूत है और बाजार से पूंजी जुटाने को प्राथमिकता देगा। बैंक ने सरकार से पूंजी नहीं मांगी है लेकिन वह सरकार से मिलने वाले इक्विटी समर्थन के लिए तैयार रहेगा। बैंक पहले ही इक्विटी व एटी-1 बॉन्ड के जरिए पूंजी जुटाने की तैयारी शुरू कर चुका है। 1 अप्रैल 2020 को सिंडिकेट बैंक के साथ उसका विलय हुआ और जून, 2020 के आखिर में उसका लोनबुक 6.5 लाख करोड़ रुरुपये और पूंजी पर्याप्त अनुपात 12.77 फीसदी है। वहीं कॉमन इक्विटी टियर-1, 8.15 फीसदी रहा। *बीएस*

'संकट के बावजूद दिखी दमदार बुकिंग'

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने वित्त वर्ष 2021 की जून तिमाही में 14.69 करोड़ रुपये का कर पूर्व घाटा दर्ज दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2020 की पहली तिमाही में उसने 140 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ दर्ज किया था। हालांकि वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी के नकदी प्रवाह और ग्राहकों से नकदी संग्रह में कमी आई लेकिन कंपनी के चेयरमैन **पिरोजशा गोदरेज** ने **राघवेंद्र कामत** से बातचीत में कहा कि निर्माण क्षेत्र में सुधार होने के कारण कारोबारी स्थितियां सुधर रही हैं। पेश हैं मुख्य अंशः

आपका ग्राहकों से नकदी संग्रह कोविड पूर्व स्तर के मुकाबले घटकर करीब 40 फीसदी रह गया है। चालू तिमाही के दौरान इसकी क्या स्थिति है?

अब स्थिति काफी बेहतर है। नकदी संग्रह का संबंध निर्माण चरणों तक पहुंचने से होता है और पहली तिमाही में शायद ही कोई निर्माण कार्य हुआ क्योंकि पूरा अप्रैल और अधिकांश मई लॉकडाउन में गुजर गया। हमारे श्रमिकों की संख्या अब कोविड पूर्व स्तर के मुकाबले 60 फीसदी तक पहुंच चुकी है। इसलिए हमारा मानना है कि आने वाली तिमाहियों में निर्माण और संग्रह दोनों सुधार होगा।

आपका शुद्ध ऋण भी बढ़कर 590 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। इस बारे में आप क्या कहेंगे? क्या आपको लगता है कि आने वाली तिमाहियों के दौरान इसमें और तेजी आएगी?

ऋण में भी उन्हीं कारणों से वृद्धि हुई है जिनका जिक्र मैंने पहले किया है। हमने नई परियोजनाएं शुरू की हैं और चौथी तिमाही के लिए कारोबार विकास एवं निर्माण संबंधी भुगतान करने थे। आगामी तिमाहियों में भी हमारे ऋण स्तर में वृद्धि जारी रहेगी क्योंकि हमारे पास बड़ी तादाद में नई परियोजनाएं लॉन्च होने के लिए तैयार हैं। पिछले साल के मुकाबले परिचालन नकदी प्रवाह कमजोर है लेकिन आगे चलकर उसमें सुधार होगा। हमें विश्वास है कि इस साल हम जो निवेश करने जा रहे हैं उससे आगामी वर्षों में दमदार नकदी प्रवाह का सृजन होगा क्योंकि हमारी नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं।

आपकी 10:90 की भुगतान योजना से बिक्री और बुकिंग को मदद मिली है लेकिन नकदी प्रवाह को झटका लगा है? क्या आप उसे जारी रखेंगे?

अब हरेक परियोजना की अपनी अलग भुगतान योजना है जो परियोजना रणनीति एवं रकम की जरूरतों से संबंधित है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 में 1.5 करोड़ वर्ग फुट की परियोजना लॉन्च करने की योजना बनाई थी। क्या आप उसे आगे बढ़ाएंगे?

नियामकीय मंजूरियां समय पर मिल जाए तो हम अपनी सभी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। यदि बाजार के माहौल को देखते हुए जरूरत पड़ी तो निश्चित तौर पर हमें अपनी रणनीति में बदलाव भी करना पड़ेगा।

क्या आप अपनी परियोजनाओं के लॉन्च, मूल्य निर्धारण, अपार्टमेंट के आकार आदि में वर्तमान परिदृश्य के मद्देनजर बदलाव करेंगे?

हम अपनी परियोजनाओं की विशेषताओं और ग्राहकों की जरूरतों को लगातार मूल्यांकन करते रहते हैं लेकिन फिलहाल अपार्टमेंट के आकार अथवा मूल्य में बदलाव की कोई योजना नहीं है।

मझोली आईटी कंपनियों को क्लाउड, लागत घटाने से दम

साई ईश्वर
मुंबई, 9 अगस्त

मझोले आकार की आईटी सेवा कंपनियां लागत नियंत्रण संबंधी उपायों और क्लाउड एवं मोबिलिटी में ग्राहकों से बढ़ती मांग के बल पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव को कम करने में सफल रही हैं। जून में समाप्त तिमाही के दौरान इन कंपनियों राजस्व एवं मुनाफे के मोर्चे पर देश की शीर्ष पांच आईटी सेवा कंपनियों को भी पीछे छोड़ दिया।

कैपिटालाइन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, नौ मिडकैप आईटी सेवा कंपनियों के राजस्व में सालाना आधार पर औसतन 8.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई जबकि शीर्ष पांच आईटी सेवा कंपनियों के राजस्व में औसतन महज 4 फीसदी की वृद्धि हुई। मिडकैप कंपनियों ने मुनाफे के मोर्चे पर भी बड़ी कंपनियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया। मिडकैप कंपनियों के मुनाफे में सालाना आधार पर औसतन 1.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई जबकि शीर्ष पांच आईटी सेवा कंपनियों का प्रदर्शन लगभग स्थिर रहा। मुख्य तौर पर लागत में कमी के बल पर छोटी आईटी कंपनियां लॉकडाउन के प्रभाव को कम करने में सफल रहीं।

प्रपत्र-'जी'
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और शोधन अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	**इंदिरापुरम हैबिटेट सैंटर प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	18-03-2002
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज- दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U74899DL2002PTC114606
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	**पंजीकृत कार्यालय :** यूनिट नंबर 154, एफएफ, अग्रवाल शॉपिंग सैंटर प्लॉट नंबर 2, एलएससी ब्लॉक-सीडी, पीतमपुरा, दिल्ली -110034 **प्रधान कार्यालय :** इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर, प्लॉट 16, अहिंसा खंड-I, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	22-08-2019
7.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	10-08-2020
8.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता :	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण **irp.indirapuram@gmail.com** और **nksharma.fcs@gmail.com** पर अनुरोध भेजकर प्रदान किये जायेगें।
9.	धारा 29क के अधीन लागू अग्राह्यता के मानदंड :	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण **irp.indirapuram@gmail.com** और **nksharma.fcs@gmail.com** पर अनुरोध भेजकर प्रदान किये जायेगें।
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	25-08-2020
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	04-09-2020
12.	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	09-09-2020
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	19-09-2020
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	09-09-2020
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	योग्य संकल्प आवेदक रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को अनुरोध मेल द्वारा **irp.indirapuram@gmail.com** और **nksharma.fcs@gmail.com** पर जमा कर सकता है।
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	09-10-2020
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	इच्छुक संभावित रिजॉल्यूशन आवेदक सभी दस्तावेज रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को **irp.indirapuram@gmail.com** और **nksharma.fcs@gmail.com** पर जमा करेंगे।
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	19-10-2020
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	**श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-002/IP-N00125/2017-18/10294
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है	**श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** **पता :** प्लॉट नंबर 112ए, उद्योग विहार, फेज-V, गुड़गांव, हरियाणा -122016 **ईमेलः** nksharma.fcs@gmail.com
21.	पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	**श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** **पता :** प्लॉट नंबर 112ए, उद्योग विहार, फेज-V, गुड़गांव, हरियाणा -122016 **ईमेल :** irp.indirapuram@gmail.com और nksharma.fcs@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है	www.ihcentre.in
23.	प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि	**10-08-2020**

हस्ता/-
नरेन्द्र कुमार शर्मा
इंदिरापुरम हैबिटेट सैंटर प्राइवेट लिमिटेड के लिए समाधान प्रोफेशनल
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00125/2017-18/10294
प्लॉट नंबर 112ए, उद्योग विहार, फेज-V, गुड़गांव, हरियाणा -122016
तिथि : 10.08.2020
स्थान : गुरुग्राम

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
कॉर्पोरेट कार्यालय
254-260 अव्वै षण्मुगम सालै
रायपेत्त, चेन्नै 600 014

नोटिस

सेबी (लिस्टिंग की प्रतिबद्धताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 के संदर्भ में एतत् द्वारा नोटिस दी जाती है कि बैंक के निदेशक मंडल की बैठक, अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के अनुमोदन के लिए 14 अगस्त 2020 को आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है

विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in *और / या स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट* www.nseindia.com, www.bseindia.com *पर लॉग ऑन करें।*

स्थान : चेन्नै *दीनानाथ कुमार*
दिनांक : 07 अगस्त 2020 *सहायक महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव*

KANPUR PLASTIPACK LTD
कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड
सी.आई.एन. : L25209UP1971PLC003444
पंजीकृत कार्यालय- डी-19-20, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर-208022
फोन न0- 0512-2691113-6 फैक्स न0 - 0512-2691117
ईमेल : secretary@kanplas.com वेबसाईट : www.kanplas.com

वार्षिक सामान्य सभा व बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 49वीं वार्षिक सामान्य सभा गुरुवार दिनांक 3 सितम्बर, 2020 को दोपहर 12.00 बजे वीडियो कानफ्रेन्सिंग के माध्यम से नोटिस में बताये गये प्रायोजनों हेतु आयोजित की जायेगी। कम्पनी एक्ट, 2013 की धारा 102 के अनुसार वार्षिक सामान्य सभा (**ए0जी0एम0)** की नोटिस कम्पनी के सदस्यों को वस्तुगत तथ्यों के साथ ईमेल के माध्यम से भेजी जायेगी। **ए0जी0एम0** की नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.kanplas.com व स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com से भी प्राप्त की जा सकती है।

कोविड-19 महामारी फैली होने की वजह से मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट अफेयर्स (एम0सी0ए0) द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 8 अप्रैल 2020 सपठित परिपत्र दिनांक 13 अप्रैल 2020 और 5 मई 2020 और भारतीय प्रतिभूति व नियामक बोर्ड (सेबी) के परिपत्र दिनांक 12 मई 2020 (सामूहिक रूप से **''परिपत्र''**) के अनुसार **ए0जी0एम0** वीडियो कानफ्रेन्सिंग या अन्य आडियो विजुअल माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। इसी अनुसार कंपनी की 49वीं **ए0जी0एम0** वीडियो कानफ्रेन्सिंग या आडियो विजुअल माध्यम से आयोजित की जायेगी और **ए0जी0एम0** के स्थान पर आने की जरूरत नहीं होगी। **ए0जी0एम0** मे भाग लेने से सम्बधित कायदे व नियम निम्न लिंक से डाउनलोड किये जा सकते है:
http://www.kanplas.com/wp-content/uploads/Instructions-for-VC-and-Evoting.pdf

फिजीकल शेयरधारक व ऐसे मेंबर्स जिन्हानें अपनी ईमेल आइडी कंपनी के पास रजिस्टर्ड नही की है वे नीचे बताये तरीके से डीटेल्स प्राप्त करके **ए0जी0एम0** मे भाग ले सकतें है व इवोट कर सकतें है।

फिजीकल होल्डिंग	फोलियो न, शेयर सर्टिफिकेट (आगे व पीछे की कॉपी) स्वाहस्तान्तरिक पैन व आधार की कॉपी secretary@kanplas.com या grievances@skylinerta.com. पर भेज कर।
डीमैट होल्डिंग	16 डिजिट डिमैट न. , नाम, क्लाइंट मास्टरलिस्ट, स्वहस्तान्तरित पैन व आधार की कॉपी secretary@kanplas.com या grievances@skylinerta.com. पर भेज कर।
ई -मेल आई डी का रजिस्ट्रेशन व ईसीएस का रजिस्ट्रेशन	फिजिकल शेयर धारक ऊपर न. 1 मे बताये गए प्रपत्रों के साथ ई -मेल रजिस्ट्रेशन व ईसीएस रजिस्ट्रेशन भेज सकते है। कैंसिल चेक की कॉपी के साथ (केवल ईसीएस रजिस्ट्रेशन के लिए) शेयर धारक जोकि डीमैट मोड मे शेयर रखते है अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स से संपर्क करके ई -मेल आई डी व बैंक डिटेल्स रजिस्टर व अपडेट कर सकते हैं।

लाभांशः- कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2019-20 मे 6% जो कि प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹0.60 होता है लाभांश की अनुशंसा की है, जो कि आगामी **ए0जी0एम0** मे शेयर धारकों के अनुमोदन के अधीन है।

बुक क्लोजर :- एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 91 सपठित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षायें) विनमय, 2015 के अनुसार आगामी वार्षिक सामान्य सभा मे यदि लाभांश घोषित होता है, कि पात्रता निर्धारण करने के प्रयोजन से सदस्य रजिस्टर तथा ट्रांसफर बुक्स दिनाक **28 अगस्त 2020 से 3 सिंतबर 2020 (दोनो दिन शामिल)** तक बंद रहेंगे।

कम्पनीज एक्ट 2013 की धारा 108 सपठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, के नियम 20 के अनुसार नोटिस मे बताये गए प्रयोजन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा किये जा सकते है और कंपनी अपने शेयरधारकों को सहर्ष ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। रिमोट ई- वोटिंग 31 अगस्त 2020 प्रातः 9 बजे शुरू होकर 2 सिंतबर 2020 सांय 5 बजे तक होगी । 2 सिंतबर 2020 सांय 5 बजे के बाद रिमोट ई- वोटिंग नही की जा सकेगी। **ई - मतदान पात्रता निर्धारण तिथि 28 अगस्त 2020 है।**

कृते कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड
हस्ता0/-
(अंकुर श्रीवास्तव)
कपंनी सचिव
स्थानः कानपुर
दिनांकः 08.08.2020

सूचना
एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दुसरे राज्य में परिवर्तन करने हेतु विज्ञापन
कंपनियों के रजिस्ट्रार के समक्ष दिल्ली एंड हरियाणा, नई दिल्ली
सीमित दायित्व साझेदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 के साथ पठित एलएलपी (एलएलपी के समावेश) नियम, 2009 के नियम 17 के मामले में
और
माथीसिस एडवाइजर्स एलएलपी जिसका पंजीकृत कार्यालय **फ्लैट न0. 11, फर्स्ट फ्लोर, ब्लॉक-2, क्रिमसन पार्क, साउथ एस्टर, वाटिका सिटी, सेक्टर-49, गुरूगांव, हरियाणा-122018** में है, के मामले में
आवेदक

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **माथीसिस एडवाइजर्स एलएलपी** अपने पंजीकृत कार्यालय को **"हरियाणा राज्य"** से **"गुजरात राज्य"** में परिवर्तित करने में सक्षम बनाने के लिए सीमित दायित्व साझेदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 (3) के अंतर्गत कंपनियों के रजिस्ट्रार, दिल्ली एंड हरियाणा, नई दिल्ली के पास एक याचिका करने का प्रस्ताव करता है।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है तो **वह निवेशक शिकायत फॉर्म फाइल कर एमसीए पोर्टल** (www.mca.gov.in) **में शिकायत दर्ज कर सकता है** या शपथपत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर कंपनियों के रजिस्ट्रार के पते 4 फ्लोर, आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि एलएलपी आवेदक कंपनी के उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

कृते और उनकी ओर से
माथीसिस एडवाइजर्स एलएलपी
हस्ता/-
(निहित गुप्ता)
निदेशक
स्थानः गुडगाँव
तिथिः 05.08.2020 DIN: 07010569

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय - II,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
3 और 4, डी डी ब्लॉक, सेक्टर -I,
साल्ट लेक, कोलकाता - 700064

निविदा की सूचना

यूको बैंक निम्नलिखित प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आमंत्रित करता है:-
1. कैपेक्स मॉडल पर 300 एटीएम की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)।
2. फिनेकल 10.X पर अंतिम उपयोगकर्त्ता प्रशिक्षण के लिए एमपीएलएस नेटवर्क कनेक्टिविटी की खरीद के लिए सेवा प्रदाता के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)।
3. 30 एप्पल आइपैड (Apple iPad) की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)।
किसी भी विवरण के लिए कृपया **https://www.ucobank.com** वेबसाइट देखें।
दिनांक :10.08.2020 उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बीपीआर एवं बीटीडी)

INDAG
इंडैग रबर लिमिटेड
सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038
पंजी. कार्यालय : खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
ई-मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com, फोन : 011-26963172-73

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 कि विनियमन 29 और विनियमन 47 के प्रावधानों के अनुसरण में और 06 अगस्त, 2020 के हमारे पूर्व सूचना के संदर्भ में आगे यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक गुरूवार, 13 अगस्त, 2020 को 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों पर विचार करने के लिए आयोजित होने वाली थी जो किसि अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बोर्ड बैठक की संशोधित तिथि को यथोचित रूप से सूचित किया जाएगा।

इसके अलावा, सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुपालन में, कंपनी की ट्रेडिंग विंडो 01 जुलाई, 2020 को बंद कर दी गई थी और आगे की सूचना तक बंद रहेगी।

बोर्ड की आज्ञानुसार
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता/-
कम्पनी सेक्रेटरी
तिथि : 9 अगस्त, 2020
स्थान : नई दिल्ली

बिज़नेस स्टैंडर्ड
दिल्ली संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादकः कैलाश नौटियाल

आरएनआई न0 WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सदभाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
कोई हवाई अधिभार नहीं